an>

Title: Need to set up a National data centre of all the police stations in India at Delhi and analyse and control the crime.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि जिस प्रकार से देश में राष्ट्रीय स्तर पर अपराध बढ़ रहे हैं। कई राज्यों में अपराधी अपराध करके एक राज्य से दूसरे राज्य में चले जाते हैं। इसके अलावा थानों की सीमाओं को लेकर भी विवाद होते हैं कि यह इस थाने का मामला नहीं है। आज अपराध अनेक प्रकार के हो गए हैं और तरह-तरह के अपराधी संगठन भी देश में खड़े हो गए हैं। जबकि हमारी पुलिस व्यवस्था उनसे काफी पीछे है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि देश में जितने भी पुलिस स्टेशन्स हैं, उन सभी का दिल्ली में एक डेटा सेंटर बनाया जाए। जिससे अलग-अलग तरह के क्राइम्स को एक जगह पर एनालाइज़ किया जाए और अध्ययन करके उन अपराधों को नियंत्रित किया जाए। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करेगी और देश में अपराधों को रोकने का काम करेगी।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Dr. Manoj Rajoria.